**जब तक आपको यह प्रश्न-पुस्तिका खोलने को नहीं कहा जाए तब तक न खोलें।**

**Question Booklet Bar Code Serial No.**
**प्रश्न-पुस्तिका बार कोड क्रम संख्या**

3335601

# 2025

**कोड : KEZE-04**

**विषय : सामान्य अध्ययन एवं विज्ञान**

**भाग – I : सामान्य अध्ययन : प्रश्न संख्या 1 से 30**

**भाग – II : विज्ञान : प्रश्न संख्या 31 से 150**

**समय : 2 घण्टे**

**पूर्णांक : 300**

अपना अनुक्रमांक सामने बॉक्स में लिखें

अंकों में →

शब्दों में

प्रश्नों के उत्तर के लिए केवल **काले बॉल-प्वॉइंट पेन** का प्रयोग करें।

अभ्यर्थी ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर उत्तर देने से पहले सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लें।

**अन्तरीक्षक के हस्ताक्षर**

आपको अपने सभी उत्तर **केवल ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक** पर ही देने हैं। परीक्षा के उपरांत **ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक अन्तरीक्षक** को सौंप दें तथा अभ्यर्थी प्रति (नीली) अन्तरीक्षक से प्राप्त कर लें।

## महत्त्वपूर्ण अनुदेश

1. **सभी** प्रश्नों के उत्तर दें। **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं। ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक और प्रश्न-पुस्तिका जिनकी बार कोड क्रम संख्या एकसमान है, सीलड पारदर्शी पॉलीथीन पैकेट के अन्दर एक साथ रखी है।
2. **पारदर्शी सीलड पॉलीथीन पैकेट खोलने के तुरन्त बाद, पुन: जाँच करके देख लें कि प्रश्न-पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर मुद्रित बार कोड क्रम संख्या एकसमान हैं तथा सभी पृष्ठ भली-भाँति छपे हुए हैं। यदि प्रश्न-पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर मुद्रित बार कोड क्रम संख्या एकसमान न हों या इसमें अन्य कोई विसंगति हो, तो इसे कक्ष निरीक्षक को वापस कर प्रश्न-पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक का दूसरा सीलड पॉलीथीन पैकेट प्राप्त कर लें।**
3. **अभ्यर्थी प्रश्न-पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर मुद्रित बार कोड क्रम संख्या के एकसमान होने की पुष्टि करने के उपरान्त** ही ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर अपना सही अनुक्रमांक, विषय एवं विषय कोड निर्धारित स्थान पर अंकित करें, अन्यथा ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा और उसकी ज़िम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।
4. अनुक्रमांक के अलावा प्रश्न-पुस्तिका के कवर पेज पर कुछ न लिखें। रफ कार्य के लिए प्रश्न-पुस्तिका के अन्त में दिए गए दो पृष्ठों का प्रयोग करें।
5. **इस प्रश्न-पुस्तिका में 150 प्रश्न हैं।** प्रत्येक प्रश्न के **चार (4)** वैकल्पिक उत्तर प्रश्न के नीचे दिए गए हैं। इन चारों में से केवल एक ही सही उत्तर है। जिस उत्तर को आप सही या सबसे उचित समझते हैं, ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक में उसके अक्षर वाले वृत्त को **काले बॉल-प्वॉइंट पेन** से पूरा काला कर दें।
6. इस प्रश्न-पुस्तिका में सभी प्रश्न अंग्रेज़ी व हिन्दी दोनों भाषाओं में मुद्रित हैं। द्विभाषी (अंग्रेज़ी/हिन्दी) में किसी भी प्रश्न में अस्पष्टता के मामले में प्रश्न का अंग्रेज़ी संस्करण प्रभावी होगा।
7. **ग़लत उत्तरों के लिए दण्ड :**

   **ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक में अभ्यर्थी द्वारा दिए गए ग़लत उत्तरों के लिए दण्ड दिया जाएगा।**

   (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं। अभ्यर्थी द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक ग़लत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई** दण्ड के रूप में काटा जाएगा।

   (ii) यदि कोई अभ्यर्थी एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **ग़लत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जाएगा।

   (iii) यदि अभ्यर्थी द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् अभ्यर्थी द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दण्ड नहीं** दिया जाएगा।

***नोट :*** ***कृपया प्रश्न-पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर मुद्रित बार कोड क्रम संख्या के एकसमान होने की जाँच कर ली जाए तथा बार कोड क्रम संख्या के एकसमान न होने की दशा में उसे बदलकर प्रश्न-पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक का दूसरा सीलड पॉलीथीन पैकेट प्राप्त कर लिया जाए।***

***Note : English version of the instructions is printed on the back cover of this Question Booklet.***

## Part – I / भाग – I

## General Studies / सामान्य अध्ययन

1. The Buddhist text which describes the names of 16 (Sixteen) Mahajanpadas is known as :
   (a) Anguttara Nikaya
   (b) Buddhacharita
   (c) Lalitavistara
   (d) Sutta Nipata

2. Which Indian states among the following were the top three performers in the category of Larger States in the State Energy & Climate Index Round-I (2022) ?
   (a) Uttar Pradesh, Uttarakhand and Punjab
   (b) Uttar Pradesh, Andhra Pradesh and Gujarat
   (c) Gujarat, Kerala and Punjab
   (d) Madhya Pradesh, Rajasthan and Himachal Pradesh

3. Which one of the following is the busiest sea route of the world ?
   (a) The Southern Atlantic sea route
   (b) The South Pacific sea route
   (c) The North Pacific sea route
   (d) The Northern Atlantic sea route

4. Consider the following and arrange them in correct chronological order starting from the earliest to the last :
   I. First five year plan in India
   II. Implementation of GST in India
   III. Starting of Social Banking in India
   IV. Establishment of NABARD in India
   Select the correct answer from the codes given below :
   (a) I, II, IV, III
   (b) I, III, II, IV
   (c) I, III, IV, II
   (d) III, IV, II, I

1. जिस बौद्ध ग्रंथ में 16 (षोडश) महाजनपदों के नामों का उल्लेख है, उसका नाम है :
   (a) अंगुत्तर निकाय
   (b) बुद्धचरित
   (c) ललितविस्तर
   (d) सुत्त निपात

2. निम्नलिखित में से कौन-से तीन भारतीय राज्य बड़े राज्यों की श्रेणी में राज्य ऊर्जा और जलवायु सूचकांक राउण्ड-I (2022) में शीर्ष स्थान पर रहे ?
   (a) उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और पंजाब
   (b) उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश और गुजरात
   (c) गुजरात, केरल और पंजाब
   (d) मध्य प्रदेश, राजस्थान और हिमाचल प्रदेश

3. निम्नलिखित में से कौन-सा विश्व का व्यस्ततम समुद्री मार्ग है ?
   (a) दक्षिणी अटलांटिक समुद्री मार्ग
   (b) दक्षिणी प्रशान्त समुद्री मार्ग
   (c) उत्तरी प्रशान्त समुद्री मार्ग
   (d) उत्तरी अटलांटिक समुद्री मार्ग

4. निम्नलिखित पर विचार कीजिए तथा इन्हें सही कालानुक्रम में, सबसे पहले से लेकर आखिरी तक व्यवस्थित कीजिए :
   I. भारत में प्रथम पंचवर्षीय योजना
   II. भारत में जी.एस.टी. की शुरुआत
   III. भारत में सामाजिक बैंकिंग की शुरुआत
   IV. भारत में नाबार्ड की स्थापना
   नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए :
   (a) I, II, IV, III
   (b) I, III, II, IV
   (c) I, III, IV, II
   (d) III, IV, II, I

3335601

5. If the sides of a triangle are in ratio 3 : 4 : 5 and its perimeter is 36 cm, then its area is :

(a) 64 $cm^2$ (b) 48 $cm^2$

(c) 54 $cm^2$ (d) 52 $cm^2$

6. Which one of the following pairs (Subject – Article of the Constitution) is *not* correctly matched ?

(a) Election of the President – Article 53

(b) The President of India – Article 52

(c) Term of office of the President – Article 56

(d) Conditions of the President's office – Article 59

7. According to the Final Estimates released by the Department of Agriculture and Farmers' Welfare, what was India's total foodgrain production in 2023 – 24 ?

(a) 3156·16 lakh metric tonnes

(b) 3296·87 lakh metric tonnes

(c) 3322·98 lakh metric tonnes

(d) 3157·75 lakh metric tonnes

8. Consider the following statements with reference to the Delimitation Commission :

I. The orders of the Delimitation Commission cannot be challenged in any court.

II. When the orders of the Delimitation Commission are placed before the Lok Sabha or the State Legislative Assembly, then no amendment can be made in these orders.

Which of the above statements is/are correct ?

(a) Both I and II (b) Only II

(c) Neither I nor II (d) Only I

5. यदि एक त्रिभुज की भुजाएँ 3 : 4 : 5 के अनुपात में हैं तथा इसका परिमाप 36 सेमी है, तो इसका क्षेत्रफल है :

(a) 64 सेमी$^2$ (b) 48 सेमी$^2$

(c) 54 सेमी$^2$ (d) 52 सेमी$^2$

6. निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा युग्म (विषय – संविधान का अनुच्छेद) सही सुमेलित *नहीं* है ?

(a) राष्ट्रपति का निर्वाचन – अनुच्छेद 53

(b) भारत का राष्ट्रपति – अनुच्छेद 52

(c) राष्ट्रपति की पदावधि – अनुच्छेद 56

(d) राष्ट्रपति के पद के लिए शर्तें – अनुच्छेद 59

7. कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा जारी अंतिम अनुमानों के अनुसार, 2023 – 24 में भारत का कुल खाद्यान्य उत्पादन कितना था ?

(a) 3156·16 लाख मैट्रिक टन

(b) 3296·87 लाख मैट्रिक टन

(c) 3322·98 लाख मैट्रिक टन

(d) 3157·75 लाख मैट्रिक टन

8. परिसीमन आयोग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. परिसीमन आयोग के आदेशों को किसी न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकती है।

II. परिसीमन आयोग के आदेश जब लोक सभा अथवा राज्य विधान सभा के सम्मुख रखे जाते हैं, तब उन आदेशों में कोई संशोधन नहीं किया जा सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) I और II दोनों (b) केवल II

(c) न तो I न ही II (d) केवल I

9. In which of the following substances are the forces of attraction between the particles maximum ?

(a) Kerosene oil

(b) Ice

(c) Oxygen

(d) Water

10. Match List I with List II and choose the correct answer using the codes given below the lists (with reference to Uttar Pradesh Budget 2025 – 26) :

| List I (UP Budget 2025 – 26) | | List II (In Crore ₹) |
|---|---|---|
| A. | PM-KUSUM Yojana | i. 650 |
| B. | Micro irrigation plan (Per Drop More Crop) | ii. 720 |
| C. | National Industrial/Horticulture Mission Yojana | iii. 300 |
| D. | Uttar Pradesh Food Processing Industry Policy, 2022 | iv. 509 |

**Codes :**

(a) A-iii, B-iv, C-ii, D-i

(b) A-i, B-ii, C-iii, D-iv

(c) A-iv, B-ii, C-i, D-iii

(d) A-i, B-iii, C-iv, D-ii

11. Which one of the following is ***not*** true about Jim Corbett National Park, Uttarakhand ?

(a) Oldest National Park in India

(b) Largest National Park in India

(c) Home for the endangered Royal Bengal Tiger

(d) Located at the Himalaya foothills

9. निम्नलिखित में से किस पदार्थ में कणों के बीच आकर्षण बल अधिकतम होता है ?

(a) मिट्टी का तेल (किरोसीन)

(b) बर्फ

(c) ऑक्सीजन

(d) जल

10. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए (उत्तर प्रदेश बजट 2025 – 26 के संदर्भ में) :

| सूची I (उत्तर प्रदेश बजट 2025 – 26) | | सूची II (करोड़ ₹ में) |
|---|---|---|
| A. | पी.एम.-कुसुम योजना | i. 650 |
| B. | माइक्रो सिंचाई योजना (पर ड्रॉप मोर क्रॉप) | ii. 720 |
| C. | राष्ट्रीय औद्योगिक/बागवानी मिशन योजना | iii. 300 |
| D. | उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण औद्योगिक नीति, 2022 | iv. 509 |

**कूट :**

(a) A-iii, B-iv, C-ii, D-i

(b) A-i, B-ii, C-iii, D-iv

(c) A-iv, B-ii, C-i, D-iii

(d) A-i, B-iii, C-iv, D-ii

11. निम्नलिखित में से कौन-सा जिम कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान, उत्तराखंड के बारे में सत्य ***नहीं*** है ?

(a) भारत का सबसे पुराना राष्ट्रीय उद्यान

(b) भारत का सबसे बड़ा राष्ट्रीय उद्यान

(c) संकटापन्न रॉयल बंगाल टाइगर का शरण स्थल (घर)

(d) हिमालय के तलहटी में स्थित है

12. Which Indian city will host the Commonwealth Games 2030 ?
(a) New Delhi (b) Mumbai
(c) Ahmedabad (d) Bhopal

12. कौन-सा भारतीय शहर 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी करेगा ?
(a) नई दिल्ली (b) मुम्बई
(c) अहमदाबाद (d) भोपाल

13. Consider the following events and arrange them in correct chronological order starting from the earliest to the last activity :
I. A.K. Gopalan vs State of Madras Case
II. Satwant Singh Sawhney vs Assistant Passport Officer, New Delhi Case
III. Maneka Gandhi vs Union of India Case
IV. Hussainara Khatoon vs State of Bihar Case
Select the correct answer from the codes given below :
(a) IV, III, II, I (b) II, I, III, IV
(c) III, II, I, IV (d) I, II, III, IV

13. निम्नलिखित घटनाओं पर विचार कीजिए तथा इन्हें सही कालानुक्रम में, सबसे पहले से लेकर आखिरी गतिविधि तक व्यवस्थित कीजिए :
I. ए.के. गोपालन बनाम मद्रास राज्य वाद
II. सतवन्त सिंह साहनी बनाम असिस्टेन्ट पासपोर्ट ऑफिसर, नई दिल्ली वाद
III. मेनका गाँधी बनाम भारत संघ वाद
IV. हुसैनआरा खातून बनाम बिहार राज्य वाद
नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए :
(a) IV, III, II, I (b) II, I, III, IV
(c) III, II, I, IV (d) I, II, III, IV

14. Which one of the following pairs (Texts – Subjects) is correctly matched ?
I. Tripitaka – Jainism
II. Anguttara Nikaya – Jainism
III. Milinda-Panha – Buddhism
IV. Bhagawati Sutra – Jainism
**Options :**
(a) Only III (b) Both III and IV
(c) Both I and II (d) Only IV

14. निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा युग्म (ग्रंथ – विषय) सही सुमेलित है ?
I. त्रिपिटक – जैन धर्म
II. अंगुत्तर निकाय – जैन धर्म
III. मिलिन्दपन्ह – बौद्ध धर्म
IV. भगवती सूत्र – जैन धर्म
**विकल्प :**
(a) केवल III (b) III और IV दोनों
(c) I और II दोनों (d) केवल IV

15. Which of the following Amendment Acts reduced the minimum voting age ?
(a) 61st Constitutional Amendment Act
(b) 86th Constitutional Amendment Act
(c) 79th Constitutional Amendment Act
(d) 66th Constitutional Amendment Act

15. निम्नलिखित में से किस संशोधन अधिनियम के द्वारा मतदान की न्यूनतम आयु को कम किया गया ?
(a) 61वाँ संविधान संशोधन अधिनियम
(b) 86वाँ संविधान संशोधन अधिनियम
(c) 79वाँ संविधान संशोधन अधिनियम
(d) 66वाँ संविधान संशोधन अधिनियम

16. Which of the following is *not* a type of unemployment in urban areas ?

(a) Industrial unemployment

(b) Seasonal unemployment

(c) Educated unemployment

(d) None of the above

16. निम्नलिखित में से कौन-सा शहरी क्षेत्रों में बेरोज़गारी का प्रकार ***नहीं*** है ?

(a) औद्योगिक बेरोज़गारी

(b) मौसमी बेरोज़गारी

(c) शिक्षित बेरोज़गारी

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

17. Who implemented the policy of *Sulh-i-kul* ?

(a) Akbar

(b) Jahangir

(c) Babur

(d) Alauddin Khilji

17. *सुलह-ए-कुल* की नीति किसने चलाई थी ?

(a) अकबर

(b) जहाँगीर

(c) बाबर

(d) अलाउद्दीन खिलजी

18. Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and other is labelled as Reason (R).

**Assertion (A) :** Leghaemoglobin in nodules of legumes plays an important role in biological nitrogen fixation.

**Reason (R) :** It protects the nitrogen ($N_2$) fixing enzyme, nitrogenase, from oxygen.

Select the correct answer using the options given below.

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(b) (A) is true, but (R) is false.

(c) Both (A) and (R) are true, but (R) is *not* the correct explanation of (A).

(d) (A) is false, but (R) is true.

18. नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) के रूप में अंकित किया गया है।

**अभिकथन (A) :** दलहनी पौधों की गाँठों में उपस्थित लेगहीमोग्लोबिन जैविक नाइट्रोजन स्थिरीकरण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

**कारण (R) :** यह नाइट्रोजन ($N_2$) स्थिरीकरण करने वाले एन्ज़ाइम नाइट्रोजिनेस को ऑक्सीजन से बचाता है।

नीचे दिए गए विकल्पों का उपयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए।

(a) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

(b) (A) सत्य है, परंतु (R) असत्य है।

(c) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परंतु (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(d) (A) असत्य है, परंतु (R) सत्य है।

19. Which one of the follwing pairs is *not* correctly matched ?

(a) If $a + b = 15$, then $(a - 10)^3 + (b - 5)^3 = 0$

(b) If $a + b = 8$ and $ab = 10$, then $a^3 + b^3 = 272$

(c) If $a + b = 15$ and $ab = 14$, then $a - b = 13$

(d) If $a - b = 4$ and $ab = 2$, then $a^3 - b^3 = 80$

19. निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित ***नहीं*** है ?

(a) यदि $a + b = 15$, तब $(a - 10)^3 + (b - 5)^3 = 0$

(b) यदि $a + b = 8$ और $ab = 10$, तब $a^3 + b^3 = 272$

(c) यदि $a + b = 15$ और $ab = 14$, तब $a - b = 13$

(d) यदि $a - b = 4$ और $ab = 2$, तब $a^3 - b^3 = 80$

20. The Rabatak inscription related to Kanishka is associated with which country ?

(a) India (b) Nepal

(c) Pakistan (d) Afghanistan

21. Which one of the following pairs (Metals or Minerals) is *not* correctly matched ?

(a) Precious metal – Silver

(b) Ferro Alloys – Nickel

(c) Base metal – Cobalt

(d) Non-metallic mineral – Diamond

22. The ratio of the radii of two cylinders is 2 : 3 and the ratio of their heights is 5 : 3. What will be the ratio of their curved surfaces ?

(a) 7 : 9 (b) 9 : 10

(c) 10 : 9 (d) 20 : 27

23. Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and other is labelled as Reason (R).

**Assertion (A) :** Cyclonic conditions are formed in winters when the atmospheric pressure is high and the air temperature is low.

**Reason (R) :** Winter rains lead to anticyclonic conditions with low temperature over North India.

Select the correct answer using the options given below .

(a) (A) is false, but (R) is true.

(b) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(c) (A) is true, but (R) is false.

(d) Both (A) and (R) are true, but (R) is *not* the correct explanation of (A).

20. कनिष्क से संबंधित रबातक अभिलेख किस देश से संबंधित है ?

(a) भारत (b) नेपाल

(c) पाकिस्तान (d) अफ़गानिस्तान

21. निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा युग्म (धातु अथवा खनिज) सही सुमेलित *नहीं* है ?

(a) कीमती धातु – चाँदी

(b) लौह मिश्रधातु – निकेल

(c) आधार धातु – कोबाल्ट

(d) अधात्विक खनिज – हीरा

22. दो बेलनों की त्रिज्याओं में 2 : 3 का अनुपात है और उनकी ऊँचाइयों में 5 : 3 का अनुपात है। उनके वक्र पृष्ठों में क्या अनुपात होगा ?

(a) 7 : 9 (b) 9 : 10

(c) 10 : 9 (d) 20 : 27

23. नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) के रूप में अंकित किया गया है।

**अभिकथन (A) :** चक्रवाती स्थितियाँ शीत-ऋतु में तब बनती हैं जब वायुमंडलीय दाब उच्च होता है और वायु ताप निम्न होता है।

**कारण (R) :** उत्तर भारत में शीतकालीन वर्षा से निम्न ताप वाली प्रतिचक्रवाती स्थितियाँ पैदा होती हैं।

नीचे दिए गए विकल्पों का उपयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए।

(a) (A) असत्य है, परंतु (R) सत्य है।

(b) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

(c) (A) सत्य है, परंतु (R) असत्य है।

(d) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परंतु (R), (A) की सही व्याख्या *नहीं* करता है।

**24.** A common example of stem tuber is :

(a) Potato (b) Onion

(c) Garlic (d) Ginger

**25.** What was the size of Uttar Pradesh Government Budget in the year 2025 – 26 ?

(a) ₹ 806736·08 Lakh Crore

(b) ₹ 802736·08 Lakh Crore

(c) ₹ 808736·06 Lakh Crore

(d) ₹ 804736·08 Lakh Crore

**26.** Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and other is labelled as Reason (R).

**Assertion (A) :** In deep sea, water is coloured.

**Reason (R) :** Scattering of light occurs in deep sea.

Select the correct answer using the options given below.

(a) (A) is true, but (R) is false.

(b) (A) is false, but (R) is true.

(c) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).

(d) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

**27.** Consider the following statements with reference to tropical evergreen forests :

I. These regions are hot and receive heavy rainfall throughout the year.

II. Hardwood trees like ebony, mahogany are common here.

Which of the above statements is/are correct ?

(a) Neither I nor II (b) Both I and II

(c) Only I (d) Only II

**24.** तना कन्द का सामान्य उदाहरण है :

(a) आलू (b) प्याज

(c) लहसुन (d) अदरक

**25.** वर्ष 2025 – 26 के उत्तर प्रदेश सरकार के बजट का आकार क्या था ?

(a) ₹ 806736·08 लाख करोड़

(b) ₹ 802736·08 लाख करोड़

(c) ₹ 808736·06 लाख करोड़

(d) ₹ 804736·08 लाख करोड़

**26.** नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) के रूप में अंकित किया गया है।

**अभिकथन (A) :** गहरे समुद्र में, जल रंगीन होता है।

**कारण (R) :** गहरे समुद्र में प्रकाश का प्रकीर्णन होता है।

नीचे दिए गए विकल्पों का उपयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए।

(a) (A) सत्य है, परंतु (R) असत्य है।

(b) (A) असत्य है, परंतु (R) सत्य है।

(c) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परंतु (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(d) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

**27.** उष्णकटिबन्धीय सदाहरित वनों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. यह प्रदेश उष्ण होते हैं और इनमें पूरे वर्ष अधिक वर्षा होती है।

II. दृढ़काष्ठ (कठोर) वृक्ष जैसे एबोनी, महोगनी यहाँ सामान्यत: पाए जाते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) न तो I न ही II (b) I और II दोनों

(c) केवल I (d) केवल II

28. Consider the following and arrange them in correct chronological order starting from the earliest to the last :

I. e-Satyapan Yojana
II. Niryat Bandhu Yojana
III. PM Kaushal Vikas Yojana
IV. Government e-MarketPlace (GeM)

Select the correct answer from the codes given below :

(a) III, II, IV, I
(b) II, I, III, IV
(c) I, II, III, IV
(d) II, III, IV, I

28. निम्नलिखित पर विचार कीजिए तथा इन्हें सही कालानुक्रम में, सबसे पहले से लेकर आखिरी तक व्यवस्थित कीजिए :

I. ई.-सत्यापन योजना
II. निर्यात बन्धु योजना
III. पी.एम. कौशल विकास योजना
IV. गवर्नमेन्ट् ई.-मार्केटप्लेस (GeM)

नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) III, II, IV, I
(b) II, I, III, IV
(c) I, II, III, IV
(d) II, III, IV, I

29. Match List I with List II and choose the correct answer using the codes given below the lists.

| List I (National identity) | List II (Zoological/Botanical name) |
|---|---|
| A. National Bird | i. *Ficus benghalensis* |
| B. National Animal | ii. *Panthera tigris* |
| C. National Flower | iii. *Pavo cristatus* |
| D. National Tree | iv. *Nelumbo nucifera* |

**Codes :**

(a) A-iii, B-ii, C-i, D-iv
(b) A-iii, B-ii, C-iv, D-i
(c) A-ii, B-iv, C-iii, D-i
(d) A-i, B-iii, C-ii, D-iv

29. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

| सूची I (राष्ट्रीय पहचान) | सूची II (प्राणीशास्त्रीय/वानस्पतिक नाम) |
|---|---|
| A. राष्ट्रीय पक्षी | i. फाइकस बेंघालेंसिस |
| B. राष्ट्रीय पशु | ii. पैंथेरा टाइग्रिस |
| C. राष्ट्रीय पुष्प | iii. पावो क्रिस्टेटस |
| D. राष्ट्रीय वृक्ष | iv. नेलुम्बो न्यूसीफेरा |

**कूट :**

(a) A-iii, B-ii, C-i, D-iv
(b) A-iii, B-ii, C-iv, D-i
(c) A-ii, B-iv, C-iii, D-i
(d) A-i, B-iii, C-ii, D-iv

30. Which of the following is *not* correctly matched ?

(a) Bhuvankosha – Ksheer Swami
(b) Prabhavak Prashasti – Chandraprabha Suri
(c) Viddhashalabhanjika – Rajashekhara
(d) Prithvirajavijaya – Jayanaka

30. निम्नलिखित में से कौन-सा सही सुमेलित *नहीं* है ?

(a) भुवनकोश – क्षीर स्वामी
(b) प्रभावक प्रशस्ति – चंद्रप्रभ सूरी
(c) विद्धशालभंजिका – राजशेखर
(d) पृथ्वीराजविजय – जयानक

## Part – II / भाग – II

## Science / विज्ञान

## Physics / भौतिक विज्ञान

31. A Zener diode is primarily used as a/an :

(a) Rectifier

(b) Current source

(c) Voltage regulator

(d) Amplifier

32. Which of the following units is used for short lengths ?

(a) Light year

(b) Fermi

(c) Parsec

(d) Astronomical unit

33. Match List I with List II and choose the correct answer using the codes given below the lists.

| List I | List II |
|---|---|
| A. Isothermal expansion | i. Work done = 0 |
| B. Isobaric expansion | ii. Internal energy decreases |
| C. Adiabatic expansion | iii. Internal energy increases |
| D. Isochoric process | iv. Internal energy = constant |

Codes :

(a) A-i, B-ii, C-iii, D-iv

(b) A-ii, B-i, C-iii, D-iv

(c) A-iii, B-iv, C-ii, D-i

(d) A-iv, B-iii, C-ii, D-i

31. ज़ेनर डायोड का मुख्य रूप से उपयोग किया जाता है एक :

(a) रेक्टीफायर के रूप में

(b) धारा स्रोत के रूप में

(c) वोल्टेज नियामक के रूप में

(d) एम्प्लीफायर के रूप में

32. निम्नलिखित में से कौन-सा मात्रक छोटी लंबाई के लिए प्रयुक्त होता है ?

(a) प्रकाश वर्ष

(b) फर्मी

(c) पारसेक

(d) एस्ट्रोनोमिकल मात्रक

33. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| A. समतापी प्रसार | i. किया गया कार्य = 0 |
| B. समदाबी प्रसार | ii. आन्तरिक ऊर्जा घटती है |
| C. रुद्धोष्म प्रसार | iii. आन्तरिक ऊर्जा बढ़ती है |
| D. समआयतनिक प्रक्रम | iv. आन्तरिक ऊर्जा = स्थिरांक |

कूट :

(a) A-i, B-ii, C-iii, D-iv

(b) A-ii, B-i, C-iii, D-iv

(c) A-iii, B-iv, C-ii, D-i

(d) A-iv, B-iii, C-ii, D-i

3335601

**34.** The retina of a human eye consists of :

(a) Iris

(b) Sensitive neural cells

(c) Cornea

(d) Transparent lens

**35.** Two points P and Q are maintained at potential of 10 V and – 4 V, respectively. The work done in moving 100 electrons from P to Q is :

(a) $-19{\cdot}0 \times 10^{-17}$ Joule

(b) $2{\cdot}24 \times 10^{-16}$ Joule

(c) $9{\cdot}60 \times 10^{-17}$ Joule

(d) $-2{\cdot}24 \times 10^{-16}$ Joule

**36.** Match List I with List II and choose the correct answer using the codes given below the lists.

| | List I | | List II |
|---|---|---|---|
| A. | AND | i. | $\overline{A}\,.\,\overline{B}$ |
| B. | OR | ii. | $\overline{A\,.\,B}$ |
| C. | NAND | iii. | $\overline{\overline{A}\,.\,\overline{B}}$ |
| D. | NOR | iv. | $\overline{\overline{A}+\overline{B}}$ |

**Codes :**

(a) A-iv, B-iii, C-ii, D-i

(b) A-ii, B-i, C-iii, D-iv

(c) A-iii, B-i, C-ii, D-iv

(d) A-i, B-ii, C-iii, D-iv

**34.** मानव आँख की रेटिना किससे बनी होती है ?

(a) परितारिका

(b) संवेदनशील तंत्रि कोशिका

(c) कॉर्निया

(d) पारदर्शी लेंस

3335601

**35.** दो बिंदु P और Q को क्रमश: 10 वोल्ट और – 4 वोल्ट के विभव पंर बनाए रखा गया है । P से Q में 100 इलेक्ट्रॉनों को स्थानांतरित करने में किया गया कार्य है :

(a) $-19{\cdot}0 \times 10^{-17}$ जूल

(b) $2{\cdot}24 \times 10^{-16}$ जूल

(c) $9{\cdot}60 \times 10^{-17}$ जूल

(d) $-2{\cdot}24 \times 10^{-16}$ जूल

3335601

**36.** सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए ।

| | सूची I | | सूची II |
|---|---|---|---|
| A. | AND | i. | $\overline{A}\,.\,\overline{B}$ |
| B. | OR | ii. | $\overline{A\,.\,B}$ |
| C. | NAND | iii. | $\overline{\overline{A}\,.\,\overline{B}}$ |
| D. | NOR | iv. | $\overline{\overline{A}+\overline{B}}$ |

**कूट :**

(a) A-iv, B-iii, C-ii, D-i

(b) A-ii, B-i, C-iii, D-iv

(c) A-iii, B-i, C-ii, D-iv

(d) A-i, B-ii, C-iii, D-iv

3335601

3335601

37. Three spheres each of mass M and radius R are arranged as shown in the figure. The moment of inertia of the system about YY′ axis is :




(a) $\frac{21}{5}$ MR$^2$

(b) $\frac{7}{2}$ MR$^2$

(c) $\frac{4}{5}$ MR$^2$

(d) $\frac{16}{5}$ MR$^2$

37. तीन गोले जिनमें प्रत्येक का द्रव्यमान M है तथा त्रिज्या R है, चित्र में दर्शाए अनुसार व्यवस्थित हैं । YY′ अक्ष के सापेक्ष निकाय का जड़त्व आघूर्ण होगा :




(a) $\frac{21}{5}$ MR$^2$

(b) $\frac{7}{2}$ MR$^2$

(c) $\frac{4}{5}$ MR$^2$

(d) $\frac{16}{5}$ MR$^2$

38. Which of the following is an incoherent scattering ?

(a) Compton scattering

(b) Bragg diffraction in crystal

(c) Rayleigh scattering

(d) Elastic-neutron scattering

38. निम्नलिखित में से कौन-सा कला-असंबद्ध प्रकीर्णन है ?

(a) कॉम्पटन प्रकीर्णन

(b) क्रिस्टल में ब्रैग विवर्तन

(c) रेले प्रकीर्णन

(d) प्रत्यास्थ-न्यूट्रॉन प्रकीर्णन

39. A wire of resistance 4 Ω is used to wind a coil of radius 7 cm. The wire has a diameter of 1·4 mm and the specific resistivity of its material is $2 \times 10^{-7}$ Ω m. Find the total number of turns in the coil.

(a) 80 (b) 90

(c) 75 (d) 70

39. एक 4 ओम प्रतिरोध वाला तार 7 सेमी त्रिज्या की कुंडली बनाने में प्रयुक्त होता है । तार का व्यास 1·4 मिमी है तथा उसके पदार्थ की विशिष्ट प्रतिरोधकता $2 \times 10^{-7}$ ओम मीटर है । कुंडली में कुल फेरों की संख्या ज्ञात कीजिए ।

(a) 80 (b) 90

(c) 75 (d) 70

40. Dynamic resistance of a forward-biased diode is :
(a) Directly proportional to the forward currents
(b) Inversely proportional to the forward currents
(c) Constant at all forward currents
(d) Unaffected by forward currents

40. अग्रदिशिक-बायसित डायोड का गतिक प्रतिरोध है :
(a) अग्रदिशिक धाराओं के समानुपाती
(b) अग्रदिशिक धाराओं के व्युत्क्रमानुपाती
(c) सभी अग्रदिशिक धाराओं पर स्थिर
(d) अग्रदिशिक धाराओं से अप्रभावित

41. Two statements are given, one marked as Assertion (A) and the other as Reason (R).
**Assertion (A) :** The efficiency of a Carnot engine is always less than 1.
**Reason (R) :** Because sink temperature $T_2$ is always greater than zero.
Select the correct answer using the options given below.
(a) Both (A) and (R) are true, but (R) is *not* the correct explanation of (A).
(b) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(c) (A) is true, but (R) is false.
(d) (A) is false, but (R) is true.

41. नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) के रूप में अंकित किया गया है।
**अभिकथन (A) :** कार्नो इंजन की दक्षता हमेशा 1 से कम होती है।
**कारण (R) :** क्योंकि सिंक का ताप $T_2$ हमेशा शून्य से अधिक होता है।
नीचे दिए गए विकल्पों का उपयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए।
(a) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परंतु (R), (A) की सही व्याख्या *नहीं* करता है।
(b) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(c) (A) सत्य है, परंतु (R) असत्य है।
(d) (A) असत्य है, परंतु (R) सत्य है।

42. What is the correct relation between the pressure P and energy density E of a monoatomic gas ?
(a) $P = \frac{3}{5}E$
(b) $P = \frac{1}{2}E$
(c) $P = \frac{2}{3}E$
(d) $P = E$

42. एकपरमाणुक गैस के दाब P तथा ऊर्जा घनत्व E के बीच सही संबंध क्या है ?
(a) $P = \frac{3}{5}E$
(b) $P = \frac{1}{2}E$
(c) $P = \frac{2}{3}E$
(d) $P = E$

3335601

43. A bullet is fired vertically up from a 400 metre tall tower with a speed of 80 metres/second. If g is taken as 10 metres/second$^2$, then the time taken by the bullet to reach the ground will be :

(a) 20 seconds
(b) 8 seconds
(c) 24 seconds
(d) 16 seconds

44. The temperature of a gas is increased by 15°C. The corresponding change on Kelvin scale will be :

(a) 288 K
(b) 273 K
(c) 15 K
(d) 25 K

45. Match the physical quantities given in List I with the corresponding dimensional formulae given in List II. Choose the correct answer using the codes given below in the lists.

| List I (Physical quantities) | | List II (Corresponding dimensional formulae) |
|---|---|---|
| A. Energy | i. | $ML^2 T^{-3}$ |
| B. Force | ii. | $ML^{-1} T^{-2}$ |
| C. Power | iii. | $ML^2 T^{-2}$ |
| D. Pressure | iv. | $ML T^{-2}$ |

**Codes :**

(a) A-iii, B-iv, C-i, D-ii
(b) A-ii, B-iii, C-iv, D-i
(c) A-iv, B-i, C-ii, D-iii
(d) A-i, B-ii, C-iii, D-iv

43. एक गोली 400 मीटर ऊँचे टॉवर से 80 मीटर/सेकंड की गति से ऊपर की ओर दागी जाती है । यदि g को 10 मीटर/सेकंड$^2$ के रूप में लिया जाए, तो गोली को जमीन तक पहुँचने में लगने वाला समय होगा :

(a) 20 सेकंड
(b) 8 सेकंड
(c) 24 सेकंड
(d) 16 सेकंड

44. किसी गैस का तापमान 15°C बढ़ा दिया जाता है । केल्विन पैमाने पर संगत परिवर्तन होगा :

(a) 288 K
(b) 273 K
(c) 15 K
(d) 25 K

45. सूची I में दी गई भौतिक राशियों का सूची II में दिए गए संगत विमीय सूत्रों से मिलान कीजिए । सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए ।

| सूची I (भौतिक राशियाँ) | | सूची II (संगत विमीय सूत्र) |
|---|---|---|
| A. ऊर्जा | i. | $ML^2 T^{-3}$ |
| B. बल | ii. | $ML^{-1} T^{-2}$ |
| C. शक्ति | iii. | $ML^2 T^{-2}$ |
| D. दाब | iv. | $ML T^{-2}$ |

**कूट :**

(a) A-iii, B-iv, C-i, D-ii
(b) A-ii, B-iii, C-iv, D-i
(c) A-iv, B-i, C-ii, D-iii
(d) A-i, B-ii, C-iii, D-iv

3335601

46. The particle emitted in β-decay together with an electron is :

(a) Neutrino
(b) Photon
(c) Anti-neutrino
(d) Meson

47. Match List I with List II and choose the correct answer using the codes given below the lists.

| **List I (Substance)** | | **List II (Molar specific heat [J $mol^{-1}$ $K^{-1}$] at room temperature and atmospheric pressure)** |
|---|---|---|
| A. Aluminium | i. | 6·1 |
| B. Carbon | ii. | 26·5 |
| C. Lead | iii. | 25·5 |
| D. Silver | iv. | 24·4 |

**Codes :**

(a) A-i, B-iv, C-ii, D-iii
(b) A-iv, B-i, C-ii, D-iii
(c) A-iv, B-i, C-iii, D-ii
(d) A-ii, B-i, C-iv, D-iii

48. If $10^9$ electrons move out of a body to enter another body every second, then how much time is required to get a total charge of 1 coulomb on the other body ?

(a) ~ 200 years
(b) ~ 20 years
(c) ~ 1 year
(d) ~ 2 years

46. β-क्षय में इलेक्ट्रॉन के साथ मिलकर उत्सर्जित कण है :

(a) न्यूट्रिनो
(b) फोटॉन
(c) एन्टीन्यूट्रिनो
(d) मेसॉन

47. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

| **सूची I (पदार्थ)** | | **सूची II (मोलर विशिष्ट ऊष्मा [J $mol^{-1}$ $K^{-1}$] सामान्य (कमरे के) ताप तथा वायुमंडलीय दाब पर)** |
|---|---|---|
| A. ऐलुमिनियम | i. | 6·1 |
| B. कार्बन | ii. | 26·5 |
| C. सीसा | iii. | 25·5 |
| D. चाँदी | iv. | 24·4 |

**कूट :**

(a) A-i, B-iv, C-ii, D-iii
(b) A-iv, B-i, C-ii, D-iii
(c) A-iv, B-i, C-iii, D-ii
(d) A-ii, B-i, C-iv, D-iii

48. यदि किसी पिंड से प्रत्येक सेकंड में $10^9$ इलेक्ट्रॉन किसी अन्य पिंड में स्थानांतरित होते हैं, तो अन्य पिंड पर 1 कूलॉम के कुल आवेश के स्थानांतरण में कितना समय लगेगा ?

(a) ~ 200 वर्ष
(b) ~ 20 वर्ष
(c) ~ 1 वर्ष
(d) ~ 2 वर्ष

49. Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and other is labelled as Reason (R).

**Assertion (A) :** The temperature coefficient of resistance is positive for metals.

**Reason (R) :** The temperature coefficient of resistance for insulators is also positive.

Select the correct answer using the options given below.

(a) (A) is true, but (R) is false.

(b) Both (A) and (R) are true, but (R) is *not* the correct explanation of (A).

(c) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(d) (A) is false, but (R) is true.

50. If $\vec{A} = \text{grad}\ \phi$, then curl $\vec{A}$ will be :

(a) a solenoidal vector

(b) an irrotational vector

(c) a non-solenoidal vector

(d) a rotational vector

51. If 'b' is the distance from the point of observation to the wavefront and 'λ' is the wavelength of light, then the area of Fresnel zone is represented by :

(a) $2\pi b\lambda$

(b) $\frac{\pi b}{\lambda}$

(c) $\pi b\lambda$

(d) $\frac{\lambda}{\pi b}$

49. नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) के रूप में अंकित किया गया है।

**अभिकथन (A) :** प्रतिरोध के तापमान गुणांक का मान धातुओं के लिए धनात्मक है।

**कारण (R) :** कुचालक के लिए भी प्रतिरोध का तापमान गुणांक धनात्मक है।

नीचे दिए गए विकल्पों का उपयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए।

(a) (A) सत्य है, परंतु (R) असत्य है।

(b) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परंतु (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(c) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

(d) (A) असत्य है, परंतु (R) सत्य है।

50. यदि $\vec{A} = \text{grad}\ \phi$, है, तो curl $\vec{A}$ होगा :

(a) परिनालिकीय सदिश

(b) अघूर्णीय सदिश

(c) अपरिनालिकीय सदिश

(d) घूर्णीय सदिश

51. यदि 'b' अवलोकन बिंदु से तरंगाग्र की दूरी है और 'λ' प्रकाश की तरंगदैर्ध्य है, तो फ्रेस्नल क्षेत्र का क्षेत्रफल होगा :

(a) $2\pi b\lambda$

(b) $\frac{\pi b}{\lambda}$

(c) $\pi b\lambda$

(d) $\frac{\lambda}{\pi b}$

52. Two bodies of masses $M_1$ and $M_2$ are kept separated by a distance d. At what distance from mass $M_1$ is the gravitational intensity produced by them zero ?

(a) $\frac{d\sqrt{M_1}}{\sqrt{M_1}-\sqrt{M_2}}$

(b) $\frac{d\sqrt{M_2}}{\sqrt{M_1}+\sqrt{M_2}}$

(c) $\frac{d\sqrt{M_2}}{\sqrt{M_1}-\sqrt{M_2}}$

(d) $\frac{d\sqrt{M_1}}{\sqrt{M_1}+\sqrt{M_2}}$

52. द्रव्यमान $M_1$ व $M_2$ के दो पिंडों को दूरी d पर अलग-अलग रखा गया है। द्रव्यमान $M_1$ से किस दूरी पर उनके द्वारा उत्पन्न गुरुत्वाकर्षण तीव्रता का मान शून्य होगा ?

(a) $\frac{d\sqrt{M_1}}{\sqrt{M_1}-\sqrt{M_2}}$

(b) $\frac{d\sqrt{M_2}}{\sqrt{M_1}+\sqrt{M_2}}$

(c) $\frac{d\sqrt{M_2}}{\sqrt{M_1}-\sqrt{M_2}}$

(d) $\frac{d\sqrt{M_1}}{\sqrt{M_1}+\sqrt{M_2}}$

53. For a free falling body, the ratio of distances travelled in the first, second and third seconds of its motion will be :

(a) 1 : 3 : 5

(b) 9 : 4 : 1

(c) 5 : 3 : 1

(d) 1 : 4 : 9

53. किसी स्वतन्त्र रूप से गिरते हुए पिंड के लिए, उसकी गति के प्रथम, द्वितीय और तृतीय सेकंड में तय की गई दूरियों का अनुपात होगा :

(a) 1 : 3 : 5

(b) 9 : 4 : 1

(c) 5 : 3 : 1

(d) 1 : 4 : 9

54. The dimensional formula of Stefan's constant is :

(a) $[MT^{-3}K^{-4}]$

(b) $[MT^{3}K^{-4}]$

(c) $[ML^{-1}T^{-3}K^{-4}]$

(d) $[MLT^{-3}K^{-4}]$

54. स्टीफन नियतांक का विमीय सूत्र होता है :

(a) $[MT^{-3}K^{-4}]$

(b) $[MT^{3}K^{-4}]$

(c) $[ML^{-1}T^{-3}K^{-4}]$

(d) $[MLT^{-3}K^{-4}]$

3335601

55. Joule-Thomson coefficient for an ideal gas is :

(a) $\mu = \frac{1}{C_V}\left[\frac{2a}{RT} - b\right]$

(b) $\mu = \frac{2a}{Rb}$

(c) $\mu = \frac{1}{C_P}\left[\frac{a}{RT} - b\right]$

(d) 0

56. Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and other is labelled as Reason (R).

**Assertion (A) :** Internal energy U is a state function.

**Reason (R) :** Internal energy depends only upon path.

Select the correct answer using the options given below.

(a) (A) is false, but (R) is true.

(b) (A) is true, but (R) is false.

(c) Both (A) and (R) are true, but (R) is *not* the correct explanation of (A).

(d) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

57. Two nicols are oriented with their principal planes making an angle of 30°. What percentage of incident unpolarised light will pass through the system ?

(a) 27·5%

(b) 37·5%

(c) 57·5%

(d) 47·5%

55. एक आदर्श गैस के लिए जूल-थॉमसन गुणांक है :

(a) $\mu = \frac{1}{C_V}\left[\frac{2a}{RT} - b\right]$

(b) $\mu = \frac{2a}{Rb}$

(c) $\mu = \frac{1}{C_P}\left[\frac{a}{RT} - b\right]$

(d) 0

56. नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) के रूप में अंकित किया गया है।

**अभिकथन (A) :** आंतरिक ऊर्जा U एक अवस्था फलन है।

**कारण (R) :** आंतरिक ऊर्जा केवल पथ पर निर्भर करती है।

नीचे दिए गए विकल्पों का उपयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए।

(a) (A) असत्य है, परंतु (R) सत्य है।

(b) (A) सत्य है, परंतु (R) असत्य है।

(c) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परंतु (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(d) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

57. दो निकोल अपने मुख्य (प्रधान) तलों से 30° के कोण पर उन्मुख है। आपतित अध्रुवित प्रकाश का कितना प्रतिशत निकाय से गुजर जाएगा ?

(a) 27·5%

(b) 37·5%

(c) 57·5%

(d) 47·5%

58. In a hydrogen discharge tube, the number of protons drifting across a cross-section is $1{\cdot}1 \times 10^{18}$ per second, while the number of electrons drifting in opposite direction across another cross-section is $3{\cdot}1 \times 10^{18}$ per second. Find the current flowing in the tube.

(a) 0·176 A
(b) 0·320 A
(c) 0·672 A
(d) 0·481 A

58. एक हाइड्रोजन डिस्चार्ज ट्यूब में, किसी अनुप्रस्थ-काट से गुजरने वाले प्रोटोनों की संख्या $1{\cdot}1 \times 10^{18}$ प्रति सेकंड है, जबकि विपरीत दिशा में दूसरे अनुप्रस्थ-काट से गुजरने वाले इलेक्ट्रॉनों की संख्या $3{\cdot}1 \times 10^{18}$ प्रति सेकंड है। ट्यूब में प्रवाहित धारा ज्ञात कीजिए।

(a) 0·176 A
(b) 0·320 A
(c) 0·672 A
(d) 0·481 A

59. Two convex lens each of focal length $f_1$ and $f_2$ are placed at a distance 'd'. The chromatic aberration and spherical aberration is minimum. The ratio $\frac{f_1}{f_2}$ is :

(a) 2 : 1
(b) 4 : 1
(c) 2 : 3
(d) 3 : 1

59. 'd' दूरी पर रखे $f_1$ व $f_2$ फोकस दूरी वाले दो उत्तल लेन्सों में वर्ण विपथन तथा गोलीय विपथन दोनों ही न्यूनतम हैं। $\frac{f_1}{f_2}$ अनुपात है :

(a) 2 : 1
(b) 4 : 1
(c) 2 : 3
(d) 3 : 1

60. A solid sphere having 5·0 cm radius and uniform density is rotating about its diameter. Its radius of gyration is :

(a) 5 cm
(b) 10 cm
(c) $\sqrt{10}$ cm
(d) $\sqrt{5}$ cm

60. 5·0 सेमी त्रिज्या वाला एकसमान घनत्व का एक ठोस गोला अपने व्यास के परित: घूर्णन कर रहा है। ठोस गोले की परिभ्रमण (घूर्णी) त्रिज्या है :

(a) 5 सेमी
(b) 10 सेमी
(c) $\sqrt{10}$ सेमी
(d) $\sqrt{5}$ सेमी

61. A heat sink is generally used with a transistor to ______.

(a) Prevent excessive temperature rise
(b) Decrease the forward current
(c) Increase the forward current
(d) Compensate for excessive doping

61. हीट सिंक का उपयोग सामान्यत: ट्रांजिस्टर के साथ ______ किया जाता है।

(a) अत्यधिक तापमान वृद्धि रोकने के लिए
(b) अग्रदिशिक धारा को घटाने के लिए
(c) अग्रदिशिक धारा को बढ़ाने के लिए
(d) अत्यधिक डोपिंग की क्षतिपूर्ति के लिए

62. The expectation value of energy of a particle, for which the wave function is ψ, is written as :

(a) $<E> = \int_{-\infty}^{+\infty} \psi^* E \psi \, dt$

(b) $<E> = \int_{-\infty}^{+\infty} \psi^* \left(i \hbar \frac{\partial}{\partial t}\right) \psi \, dV$

(c) $<E> = \int_{-\infty}^{+\infty} \psi^* \frac{E}{2\pi} \psi \, dV$

(d) $<E> = \int_{-\infty}^{+\infty} \psi^* \left(\frac{1}{i} \hbar \nabla\right) \psi \, dV$

62. एक कण की ऊर्जा का अपेक्षित मान, जिसके लिए तरंग फलन ψ है, इस प्रकार लिखा जाता है :

(a) $<E> = \int_{-\infty}^{+\infty} \psi^* E \psi \, dt$

(b) $<E> = \int_{-\infty}^{+\infty} \psi^* \left(i \hbar \frac{\partial}{\partial t}\right) \psi \, dV$

(c) $<E> = \int_{-\infty}^{+\infty} \psi^* \frac{E}{2\pi} \psi \, dV$

(d) $<E> = \int_{-\infty}^{+\infty} \psi^* \left(\frac{1}{i} \hbar \nabla\right) \psi \, dV$

63. Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and other is labelled as Reason (R).

**Assertion (A) :** An ammeter is always connected in series in a circuit.

**Reason (R) :** Ammeter has very low resistance.

Select the correct answer using the options given below.

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(b) (A) is false, but (R) is true.

(c) (A) is true, but (R) is false.

(d) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).

63. नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) के रूप में अंकित किया गया है।

**अभिकथन (A) :** एमीटर को सदैव परिपथ के श्रेणीक्रम में जोड़ा जाता है।

**कारण (R) :** एमीटर का प्रतिरोध बहुत कम होता है।

नीचे दिए गए विकल्पों का उपयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए।

(a) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

(b) (A) असत्य है, परंतु (R) सत्य है।

(c) (A) सत्य है, परंतु (R) असत्य है।

(d) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परंतु (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

64. When Neils Bohr shook hands with Werner Heisenberg, what kind of force was exerted ?

(a) Nuclear

(b) Gravitational

(c) Weak

(d) Electromagnetic

64. जब नील्स बोर ने वर्नर हाइज़ेनबर्ग से हाथ मिलाया, तो किस प्रकार का बल लगाया गया ?

(a) नाभिकीय

(b) गुरुत्वीय

(c) कमजोर

(d) विद्युत-चुम्बकीय

65. A hero of a stunt film fires 50 g bullets from a machine gun, each at a speed of 1·0 km/s. If he fires 20 bullets in 4 seconds, then he exerts an average force against the machine gun during this period of :

(a) 250 N
(b) 125 N
(c) 25 N
(d) None of the above

65. किसी स्टन्ट फिल्म का हीरो मशीन गन से 50 ग्राम गोलियाँ 1·0 किमी/से. की गति से दागता है । यदि वह 4 सेकंड में 20 गोलियाँ दागता है, तो इस अवधि के दौरान वह मशीन गन के विरुद्ध निम्नवत् औसत बल लगाता है :

(a) 250 N
(b) 125 N
(c) 25 N
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

66. A particle of mass m is moving in a horizontal circle of radius r with uniform speed v. When it moves from one point to a diametrically opposite point, its :

(a) momentum changes by 2mv.
(b) momentum does not change.
(c) kinetic energy changes by $\frac{mv^2}{4}$.
(d) kinetic energy changes by $mv^2$.

66. द्रव्यमान m का एक कण एकसमान गति v से त्रिज्या r के क्षैतिज वृत्त में घूम रहा है । जब यह एक बिन्दु से व्यास के विपरीत बिन्दु पर जाता है, तो :

(a) इसका संवेग 2mv से बदल जाता है ।
(b) इसका संवेग नहीं बदलता है ।
(c) इसकी गतिज ऊर्जा $\frac{mv^2}{4}$ से बदल जाती है ।
(d) इसकी गतिज ऊर्जा $mv^2$ से बदल जाती है ।

67. How much work is required to break up a liquid drop of radius R and surface tension T into n equal small drops ?

(a) $4\pi R^2T(n^{1/3} - 1)$
(b) $4\pi R^2T(n^{1/3} + 1)$
(c) $4\pi R^2T(n^{2/3} - 1)$
(d) $4\pi R^2T(n^{2/3} + 1)$

67. त्रिज्या R की और पृष्ठ तनाव T की एक तरल बूँद को n बराबर छोटी बूँदों में तोड़ने के लिए कितना कार्य करना होगा ?

(a) $4\pi R^2T(n^{1/3} - 1)$
(b) $4\pi R^2T(n^{1/3} + 1)$
(c) $4\pi R^2T(n^{2/3} - 1)$
(d) $4\pi R^2T(n^{2/3} + 1)$

68. A clock is moving with a velocity $\frac{c}{3}$ relative to a stationary observer. To the stationary observer, it will go slow in one hour by :

(a) 3·43 minutes
(b) 3·00 seconds
(c) 3·64 minutes
(d) 3·60 seconds

68. एक घड़ी एक स्थिर प्रेक्षक के सापेक्ष $\frac{c}{3}$ वेग से गति कर रही है । स्थिर प्रेक्षक को यह एक घंटे में धीमी होती हुई दिखाई देगी :

(a) 3·43 मिनट से
(b) 3·00 सेकंड से
(c) 3·64 मिनट से
(d) 3·60 सेकंड से

3356601

69. In a stationary sound wave, the pressure variation is :

(a) Maximum at nodes and minimum at antinodes
(b) No pressure variation is observed
(c) Minimum at nodes and maximum at antinodes
(d) Constant everywhere

70. Proper mean life time of $\pi^+$ mesons travelling with velocity 0·8c is $2{\cdot}4 \times 10^{-8}$ second. Its apparent mean life time is :

(a) $4{\cdot}00 \times 10^{-8}$ minute
(b) $1{\cdot}44 \times 10^{-8}$ minute
(c) $4{\cdot}00 \times 10^{-8}$ second
(d) $1{\cdot}44 \times 10^{-8}$ second

71. If $\vec{R} = \hat{i}x + \hat{j}y + \hat{k}z$, then the correct identity is :

(a) $\text{div}\,\vec{R} = 3$
(b) $\text{grad}\left(\frac{1}{R}\right) = 0$
(c) $\text{div}\,\vec{R} = 0$
(d) $\text{curl}\,\vec{R} = 3$

72. What is the decimal equivalent of the binary number 1101 ?

(a) 13
(b) 12
(c) 14
(d) 11

69. एक अप्रगामी ध्वनि तरंग में, दाब विचरण है :

(a) नोड्स पर अधिकतम और एंटीनोड्स पर न्यूनतम
(b) दाब विचरण नहीं होता है
(c) नोड्स पर न्यूनतम और एंटीनोड्स पर अधिकतम
(d) हर जगह एकसमान

70. $\pi^+$ मेसॉन का उचित माध्य आयु काल, जो 0·8c वेग से यात्रा कर रहा है, $2{\cdot}4 \times 10^{-8}$ सेकंड है । इसका आभासी माध्य आयु काल है :

(a) $4{\cdot}00 \times 10^{-8}$ मिनट
(b) $1{\cdot}44 \times 10^{-8}$ मिनट
(c) $4{\cdot}00 \times 10^{-8}$ सेकंड
(d) $1{\cdot}44 \times 10^{-8}$ सेकंड

71. यदि $\vec{R} = \hat{i}x + \hat{j}y + \hat{k}z$ है, तो सही सर्वसमिका है :

(a) $\text{div}\,\vec{R} = 3$
(b) $\text{grad}\left(\frac{1}{R}\right) = 0$
(c) $\text{div}\,\vec{R} = 0$
(d) $\text{curl}\,\vec{R} = 3$

72. बाइनरी संख्या 1101 का दशमलव समतुल्य क्या है ?

(a) 13
(b) 12
(c) 14
(d) 11

73. Which of the following statements related to fine structure of sodium D-Line is *not* correct ?

(a) Fine structure is obtained due to transition from energy levels 3p to 3s.

(b) Selection rules for transition are $\Delta L = \pm 1$ and $\Delta J = 0, \pm 1$.

(c) Due to spin orbit interaction, both 3p and 3s energy states split into two energy states.

(d) Sodium D-line belongs to principal series.

74. A beam of light is first passed normally through a quarter wave plate and then examined through a rotating Nicol prism. The intensity of the emergent light from Nicol prism shows a variation with minimum intensity zero. Then the given beam of light is :

(a) Elliptically polarized light

(b) Unpolarized light

(c) Circularly polarized light

(d) None of the above

75. A sound absorber attenuates the sound level by 20 dB. The intensity decreases by a factor of :

(a) 1000

(b) 10000

(c) 10

(d) 100

76. A clear sheet of polaroid is placed on the top of a similar sheet so that their polarizing axes make an angle of 30° with each other. The ratio of the intensity of emerging light to incident unpolarised light is :

(a) 1 : 3 (b) 1 : 4

(c) 3 : 4 (d) 3 : 8

73. सोडियम D-लाइन के सूक्ष्म संरचना से संबंधित निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है ?

(a) सूक्ष्म संरचना 3p से 3s ऊर्जा स्तरों से संक्रमण के कारण प्राप्त होती है।

(b) संक्रमण के लिए चयन नियम $\Delta L = \pm 1$ और $\Delta J = 0, \pm 1$ हैं।

(c) स्पिन ऑर्बिट इंटरेक्शन के कारण, 3p और 3s ऊर्जा अवस्थाएँ दो-दो ऊर्जा अवस्थाओं में विभाजित होती हैं।

(d) सोडियम D-लाइन मुख्य श्रृंखला से संबंधित है।

74. प्रकाश के एक किरणपुंज को पहले एक चतुर्थांश तरंग प्लेट से अभिलंबवत् गुजारा जाता है और फिर घूमने वाले निकोल प्रिज्म से जाँचा जाता है। निकोल प्रिज्म से निर्गत प्रकाश की तीव्रता में परिवर्तन होता है और न्यूनतम तीव्रता शून्य होती है। तो दिया गया प्रकाश किरणपुंज है :

(a) दीर्घवृत्तीय ध्रुवित प्रकाश

(b) अध्रुवित प्रकाश

(c) वृत्तीय ध्रुवित प्रकाश

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

75. एक ध्वनि अवशोषक ध्वनि स्तर को 20 dB कम कर देता है। तीव्रता में एक गुणा की कमी है :

(a) 1000

(b) 10000

(c) 10

(d) 100

76. पोलेरॉइड की एक पारदर्शी शीट को एकसमान शीट के ऊपर इस प्रकार रखा गया है कि उनके ध्रुवण अक्ष एक-दूसरे के साथ 30° का कोण बनाते हैं। निर्गत प्रकाश और आपतित अध्रुवित प्रकाश की तीव्रता का अनुपात है :

(a) 1 : 3 (b) 1 : 4

(c) 3 : 4 (d) 3 : 8

77. A pendulum bob has a speed of 3 m/s while passing through its lowest position. What is its speed when it makes an angle of 60° with the vertical ? The length of pendulum is 0·5 m. Take $g = 10\ m/s^2$.

(a) 4·0 m/s
(b) 2·0 m/s
(c) 3·2 m/s
(d) 4·2 m/s

77. एक पेंडुलम बॉब की गति 3 मी./से. है, जब वह अपनी सबसे निचली स्थिति से गुजरता है। जब यह ऊर्ध्वाधर के साथ 60° का कोण बनाता है, तो इसकी गति क्या होती है ? पेंडुलम की लंबाई 0·5 मी. है। $g = 10$ मी./से.$^2$ लीजिए।

(a) 4·0 मी./से.
(b) 2·0 मी./से.
(c) 3·2 मी./से.
(d) 4·2 मी./से.

78. Clausius Clapeyron latent heat equation is :

(a) $\frac{dP}{dT} = \frac{L}{T(V_2 - V_1)}$
(b) $\frac{dP}{dT} = \frac{L}{T(V_2 + V_1)}$
(c) $\frac{dP}{dT} = \frac{T(V_2 + V_1)}{L}$
(d) $\frac{dP}{dT} = \frac{T(V_2 - V_1)}{L}$

78. क्लासियस क्लैपेरॉन का गुप्त ऊष्मा समीकरण है :

(a) $\frac{dP}{dT} = \frac{L}{T(V_2 - V_1)}$
(b) $\frac{dP}{dT} = \frac{L}{T(V_2 + V_1)}$
(c) $\frac{dP}{dT} = \frac{T(V_2 + V_1)}{L}$
(d) $\frac{dP}{dT} = \frac{T(V_2 - V_1)}{L}$

79. When a source of light emitting line spectrum is placed in a magnetic field, then which of the following statements is correct ?

(a) Anomalous Zeeman effect requires stronger field than normal Zeeman effect.
(b) In a strong magnetic field, spectral line splits into three components called normal Zeeman effect.
(c) In anomalous Zeeman effect, number of spectral lines decreases.
(d) Paschen-Back effect is not related to magnetic field.

